भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +118

सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब में पर्यटन के विकास हेतु परियोजनाएं

+118. श्री भगवंत मान:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चालू वर्ष सहित पिछले पांच वर्षो के दौरान पंजाब में पर्यटन के विकास के लिए अनुमोदित, स्वीकृत और निष्पादित परियोजनाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक पूर्ण की गई पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और शेष परियोजनाओं को कब तक पूरा किया जाने की संभावना है;

(ग) लंबित परियोजनाओं को पूरा करने में देरी के क्या कारण हैं;

(घ) उक्त अवधि के दौरान राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या पंजाब राज्य सरकार ने सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा है यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पंजाब राज्य में चल रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ङ) : पिछले पांच वर्षों के दौरान पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन, तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन - (प्रशाद) और 'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत पंजाब राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	उपयोग की गई राशि	पूरा होने की तिथि
	प्रशाद योजना					
1.	2015-16	अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	6.40	6.40	6.40	पूर्ण
	केंद्रीय एजेंसियों को सहायता					
2.	2017-18	जेसीपी अटारी में अवसंरचनात्मक विकास के लिए परियोजना	13.12	10.29	10.29	पूर्ण

3.	2018-19	'जलियांवाला बाग स्मारक' का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण और अमृतसर, पंजाब में जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक पर किए जाने वाले अतिरिक्त कार्य	23.03	21.97	21.97	पूर्ण
	स्वदेश दर्शन योजना					
4.	2018-19	'आनंदपुर साहिब -फतेहगढ़ साहिब-चमकौर साहिब-फिरोजपुर-अमृतसर-खटकर कलां-कलानौर-पटियाला' का विकास	91.55	41.45	17.89	31.12.2022

पर्यटन मंत्रालय को प्रशाद योजना के तहत 'चमकौर साहिब, रोपड़, पंजाब का विकास' के लिए राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

****